>

Title: Need to take steps for release of Indian citizens languishing in jail in Saudi Arabia.

श्री पन्ना लाल पुनिया (बाराबंकी): मैं सदन का ध्यान अत्यंत महत्वपूर्ण विषय की ओर आकर्षित करते हुए बताना चाहूंगा कि तीन भारतीय नागरिक सऊदी अरब की दम्माम जेल में 22 सितम्बर, 2009 से बंद हैं और उन्हें अब तक यह भी नहीं बताया गया है कि उनका दोष क्या है। ये तीनों भारतीय नागरिक लोक सभा क्षेत्र बाराबंकी के निवासी हैं उनमें से एक अत्यंत प्रतिष्ठित परिवार से संबंधित हैं और समाज में ख्याति प्राप्त है। दो अन्य भारतीय नागरिकों के बारे में मैंने जानकारी की है, वे भी अत्यंत प्रतिष्ठित और सम्मानित व्यक्ति हैं, जिनका कभी कोई भी आपराधिक इतिहास नहीं रहा। ये तीनों प्रतिष्ठित भारतीय नागरिक 6 सितम्बर, 2009 को एक महीने के बिजनस वीजा पर उमरा करने के लिए सऊदी अरब गए थे, जिन्हें सऊदी अरब पुलिस द्वारा मदीना से 22 सितम्बर को गिरफ्तार कर लिया गया और ऐसा ज्ञात हुआ है कि ये तीनों भारतीय नागरिक सऊदी अरब के दम्माम जेल में बंद हैं, इन्हें आज तक यह नहीं बताया गया कि इनका दोष क्या है। ऐसा प्रतीत होता है कि किसी गलतफहमी में इन्हें वहां पर गिरफ्तार किया गया है, जिसमें तत्काल विदेश मंत्रालय का हस्तक्षेप किया जाना अनिवार्य है। मैंने भी पिछले लगभग 6 महीने से अनेक पत्र माननीय विदेश मंत्री जी को भेजे हैं। विदेश मंत्री जी द्वारा विदेश मंत्रालय के संयुक्त सचिव से पत्राचार करने का सुझाव प्राप्त हुआ, उन्हें पूरे तथ्यों से अवगत कराते हुए भारत सरकार द्वारा हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया गया। विदेश मंत्रालय की मांगों पर चर्चा के समय भी मैंने विदेश मंत्री जी को पुनः एक पत्र की प्रति देकर कार्यवाही का अनुरोध किया। डेढ़ वर्ष का समय बीत जाने के बावजूद भी इस दिशा में कोई कार्यवाही नहीं हुई है।

मैं माननीय प्रधानमंत्री जी से अनुरोध करूंगा कि अब वे ही इस मामले में हस्तक्षेप कर इन तीनों भारतीय नागरिकों को रिहा कराने की पहले करें, जिसके लिए मैं आपका आभारी रहूंगा।